| |
|---|
| दिनांक 15.03.2023 |
| प्रेस विज्ञप्ति 16/2023 |

# मुख्यालय पुलिस महानिदेशक, उत्तर प्रदेश।

**कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना मधुबन बापूधाम**

- **पुलिस कार्यवाही में 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 15.03.2023 को थाना मधुबन बापूधाम व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर रेलवे लाइन मैनापुर रोड के पास चेकिंग के दौरान मोटर साइकिल सवार बदमाशों की घेराबन्दी की गयी तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त आयूष उर्फ नबाब घायल हो गया, जिसे गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना मधुबन बापूधाम पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था। गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध कमिश्नरेट गाजियाबाद, हरियाणा प्रान्त के विभिन्न थानों पर हत्या, हत्या का प्रयास, आर्म्स एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 09 अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मधुबन बापूधाम पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—आयूष उर्फ नबाब निवासी कारमल नगर कस्वा व थाना मुरादनगर, गाजियाबाद।

**बरामदगी**

1–01 मोटर साइकिल।

2–01 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट गाजियाबाद/थाना मधुबन बापूधाम

- **25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त सहित 02 अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनॉकः 14.03.2023 को थाना मधुबन बापूधाम पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर थाना क्षेत्र से पुरस्कार घोषित अभियुक्त 1–विशाल सहित अभियुक्त 2–हरीश को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त विशाल थाना मधुबन बापूधाम पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 25 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना मधुबन बापूधाम पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–विशाल निवासी ग्राम जलालाबाद थाना मुरादनगर, गाजियाबाद।

2–हरीश निवासी ग्राम ढिडोली थाना मुरादनगर, गाजियाबाद।

## जनपद फतेहपुर/थाना राधानगर

- **15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 15.03.2023 को थाना राधानगर व क्राइम ब्रान्च की संयुक्त पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर अन्दौली पुलिया के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त फिरोज खान को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से 04 अवैध देशी बम बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद फतेहपुर के विभिन्न थानो में चोरी, आर्म्स एक्ट आदि के आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्त थाना राधानगर पर पंजीकृत अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 15 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना राधानगर पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–फिरोज खान निवासी सिमौर रोड महबूब नगर गाजीपुर थाना गाजीपुर जनपद फतेहपुर, हालपता नई बस्ती थाना राधानगर जनपद फतेहपुर।

## जनपद गाजीपुर/थाना कोतवाली

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद**

दिनॉकः 15.03.2023 को थाना कोतवाली पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर काजीमण्डी के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त मो0 एकराम उर्फ मुन्ना को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे/निशादेही से 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त थाना कोतवाली पर पंजीकृत अभियोग में वॉछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना कोतवाली पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1– मो0 एकराम उर्फ मुन्ना निवासी खुदाईपुरा थाना कोतवाली जनपद गाजीपुर।

**बरामदगी**

1–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित कारतूस।

## जनपद खीरी/थाना पलिया

- **10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित अभियुक्त गिरफ्तार**

दिनांक 15.03.2023 को थाना पलिया पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर कमल चौराहा के पास से पुरस्कार घोषित अभियुक्त राजपाल को गिरफ्तार किया गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त के विरूद्ध जनपद खीरी के विभिन्न थानो में आबकारी एक्ट, गैंगेस्टर एक्ट आदि के 04 अभियोग पंजीकृत हैं। गिरफ्तार अभियुक्त थाना पलिया पर पंजीकृत गैंगेस्टर एक्ट के अभियोग में वांछित चल रहा था, जिसकी गिरफ्तारी हेतु जनपद स्तर से 10 हजार रूपये का पुरस्कार घोषित था।

इस सम्बन्ध में थाना पलिया पुलिस द्वारा विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—राजपाल निवासी कोठिया थाना पलिया जनपद खीरी।

## जनपद मुजफ्फरनगर/थाना मन्सूरपुर

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **लूटे गये 02 मोटर साइकिल**
- **घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल**
- **01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनॉकः 14.03.2023 को थाना मन्सूरपुर पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर ग्राम जौहरा की सड़क पर मोटर साइकिल सवार बदमाशों को रोकने का प्रयास किया गया तो बदमाशों ने पुलिस टीम पर जान से मारने की नियत से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा की गयी आत्मरक्षार्थ कार्यवाही में अभियुक्त 1—अजय कुमार घायल हो गया, जिसे अभियुक्त 2—वंश उर्फ विराट सहित गिरफ्तार किया गया। एक अन्य अभियुक्त मौके से फरार हो गया, जिसकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से लूटे गये 02 मोटर साइकिल, घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुये। घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेजा गया।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त अजय कुमार के विरूद्ध जनपद बागपत, मुजफ्फरनगर के विभिन्न थानों पर लूट, आर्म्स एक्ट आदि के लगभग आधा दर्जन अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना मन्सूरपुर पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–अजय कुमार निवासी करडी थाना छपरौली जनपद बागपत।

2–वंश उर्फ विराट निवासी नगली साधारण थाना दौराला जनपद मेरठ।

**बरामदगी**

1–लूटे गये 02 मोटर साइकिल।

2–घटना में प्रयुक्त मोटर साइकिल।

3–01 अवैध तमंचा 315 बोर मय जीवित/खोखा कारतूस।

## कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर/थाना बीटा–2

- **पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 16 मोटर साइकिल**
- **चोरी के 02 लैपटॉप**
- **02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद**

दिनांक 14.03.2023 को थाना बीटा–2 पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर सिग्मा–3 के पीछे सर्विस रोड ऐच्छर से पुलिस कार्यवाही में 02 अभियुक्तों 1–मिथुन उर्फ मृत्युंजय 2–विशाल उर्फ मोनू को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 16 मोटर साइकिल, चोरी के 02 लैपटॉप, 02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस बरामद हुए।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्तों के विरूद्ध कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर के विभिन्न थानो में हत्या का प्रयास, चोरी आदि के 15 अभियोग पंजीकृत है। गिरफ्तार अभियुक्तों से बरामद मोटर साइकिल, लैपटॉप चोरी की घटनाओं से सम्बन्धित है।

इस सम्बन्ध में थाना बीटा–2 पर अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**<u>गिरफ्तार अभियुक्त</u>**

1–मिथुन उर्फ मृत्युंजय निवासी लिमडी थाना कौच जनपद गया बिहार, हालपता सी–16 ओमीक्रोन–1 थाना दादरी कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

2–विशाल उर्फ मोनू निवासी ग्राम महेशपुर थाना पीरी बाजार जनपद लक्खी सराय बिहार वर्तमान पता ऐच्छर थाना बीटा–2 कमिश्नरेट गौतमबुद्धनगर।

**<u>बरामदगी</u>**

1–चोरी की 16 मोटर साइकिल।

2–चोरी के 02 लैपटॉप।

3–02 अवैध तमंचा मय जीवित/खोखा कारतूस।

## <u>कमिश्नरेट आगरा/थाना न्यू आगरा</u>

- **02 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 11 दो पहिया वाहन**
- **02 मोबाइल फोन, 13 मास्टर की आदि बरामद**

दिनॉकः 15.03.2023 को थाना न्यू आगरा पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधर पर 02 अभियुक्तों 1–विशाल कुश 2–प्रबल कुमार उर्फ सन्नी को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 11 दो पहिया वाहन, 02 मोबाइल फोन, 13 मास्टर की आदि बरामद हुई।

इस सम्बन्ध में थाना न्यू आगरा पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1—विशाल कुश निवासी मोहल्ला कोहली थाना एत्मादपुर, आगरा।

2—प्रबल कुमार उर्फ सन्नी निवासी खैडा पंचगई देवरी रोड थाना ताजगंज, आगरा।

**बरामदगी**

1—चोरी की 11 दो पहिया वाहन।

2—02 मोबाइल फोन, 13 मास्टर की आदि।

## जनपद महोबा/थाना पनवाड़ी

- **08 अभियुक्त गिरफ्तार**
- **चोरी की 08 मोटर साइकिल**
- **चोरी के माल ब्रिकी के 27 हजार 500 रूपये नगद**
- **08 मोबाइल फोन**
- **घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन बरामद**

दिनॉकः 14.03.2023 को थाना पनवाड़ी पुलिस टीम द्वारा सूचना के आधार पर निसवारा तिराहे के पास से 08 अभियुक्तों 1—दानिश 2—शिवम 3—कुलदीप 4—सागर 5—मानसिंह 6—निर्मल कुमार 7—अनिल 8—मनोज को गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार अभियुक्तों के कब्जे/निशादेही से चोरी की 08 मोटर साइकिल, चोरी के माल ब्रिकी के 27 हजार 500 रूपये नगद, 08 मोबाइल फोन, घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन बरामद हुये।

उल्लेखनीय है कि गिरफ्तार अभियुक्त जनपद महोबा व आस—पास के जनपदों से जानवर व वाहनों की चोरी कर बेच देते थे। गिरफ्तार अभियुक्त दानिश, मानसिंह के विरूद्ध जनपद महोबा के विभिन्न थानों पर वाहन चोरी, पशु चोरी आदि के 07—07 अभियोग व अभियुक्त निर्मल कुमार, अनिल, मनोज के विरूद्ध जनपद महोबा, हमीरपुर के विभिन्न थानों पर वाहन चोरी व पशु चोरी के कई अभियोग पंजीकृत हैं।

इस सम्बन्ध में थाना पनवाड़ी पुलिस द्वारा अभियोग पंजीकृत कर विधिक कार्यवाही की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्त**

1–दानिश निवासी कसाई मंडी पनवाड़ी थाना पनवाड़ी जनपद महोबा।

2–शिवम निवासी पठान पुरा नवाडी थाना पनवाडी जनपद महोबा।

3–कुलदीप निवासी थलौरा ताना महोबकंठ जनपद महोबा।

4–सागर निवासी रहुनियापुरा पनवाडी थाना पनवाडी जनपद महोबा।

5–मानसिंह निवासी भुरातोड़र थाना महोबकंठ जनपद महोबा।

6–निर्मल कुमार निवासी तितरिया थाना देव जनपद औरंगाबाद, बिहार।

7–अनिल निवासी भूरातोड़र थाना महोबकंठ जनपद महोबा।

8–मनोज निवासी सिकन्दरपुर राठ थाना राठ जनपद हमीरपुर।

**बरामदगी**

1–चोरी की 08 मोटर साइकिल।

2–चोरी के माल ब्रिकी के 27 हजार 500 रूपये नगद।

3–08 मोबाइल फोन।

4–घटना में प्रयुक्त 02 चार पहिया वाहन।

➢ **जनपद फतेहपुर/थाना हथगांव (प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय द्वारा 02 अभियुक्तो को आजीवन कारावास की सजा व अर्थदण्ड)**

जनपद फतेहपुर पुलिस द्वारा प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप मा0 न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/पॉक्सो एक्ट कोर्ट संख्या–02 जनपद फतेहपुर द्वारा थाना हथगांव पर पंजीकृत अभियोग में अभियुक्त सुरेश व अभियुक्ता को धारा 302/34 भादवि के अन्तर्गत आजीवन कारावास व 10–10 हजार रूपये के अर्थदण्ड एवं अभियुक्त सुरेश को धारा 457 भादवि के अन्तर्गत 05 वर्ष के कठोर कारावास व 05 हजार रूपये के अर्थदण्ड की सजा सुनाई गयी।

–––––